भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

**विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:04:2025, दिनांक Dated 24.10.2025**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अग्रणी केंद्रों में से एक है। सैक राष्ट्रीय विकास के लिए संबद्ध अनुप्रयोगों की अवधारणा/संचालन के अलावा, इसरो के संचार, नौवहन, सुदूर संवेदन, समानव अंतरिक्ष और इसरो के ग्रहीय कार्यक्रमों हेतु अंतरिक्षीय उपकरणों के डिजाइन और विकास पर सकेंद्रित है।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is a lead centre of Indian Space Research Organization (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on the design and development of space borne instruments for communication, navigation, remote sensing, human space and planetary programmes of ISRO besides conceptualization/operationalization of associated applications for national development.

**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:**
**Space Applications Centre (SAC) invites online applications for the following posts from eligible candidates:**

| समूह 'सी' पद GROUP 'C' posts<br>तकनीशियन 'बी' TECHNICIAN 'B' | | | |
|---|---|---|---|
| **पद कोड<br>Post Code** | **ट्रेड का नाम<br>Name of the Trade** | **रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण ब्यौरा<br>No. of vacancies & reservation details** | **अनिवार्य योग्यता<br>Essential Qualification** |
| 09 | फिटर<br>Fitter | **कुल./Total-04**<br>अना. /UR-2<br>आ.क.व./EWS-1<br>अ.पि.व./OBC-1 | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **फिटर** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **FITTER** trade |
| 10 | मशीनिस्ट<br>Machinist | **कुल./Total-03**<br>अना. /UR-1<br>आ.क.व./EWS-1<br>अ.ज.जा./ST-1 | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **मशीनिस्ट** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **MACHINIST** trade |
| 11 | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक<br>Electronics Mechanic | **कुल./Total-15**<br>अना. /UR-6<br>आ.क.व./EWS-1<br>अ.पि.व./OBC-4<br>अ.ज.जा./ST-3<br>अ.जा./SC - 1 | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **इलेक्ट्रॉनिक्स मैकनिक अथवा मैकनिक रेडियो एवं टीवी** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **ELECTRONICS MECHANIC OR MECHANIC RADIO & TV** trade |
| 12 | लैब सहायक रासायनिक संयंत्र<br>Lab Assistant Chemical Plant | **कुल./Total-02**<br>अना. /UR-1<br>अ.पि.व./OBC-1 | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **लैब सहायक रासायनिक संयंत्र** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **LAB ASSISTANT (CHEMICAL PLANT)** trade |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | आईटी/आईसीटीएसएम/आईटीईएसएम<br>IT/ ICTSM/ITESM | **<u>कुल./Total-15</u>**<br>अना. /UR-6<br>आ.क.व./EWS-1<br>अ.पि.व./OBC-5<br>अ.ज.जा./ST-2<br>अ.जा./SC - 1<br><br>उपर्युक्त पदों में से एक (01) पद दिव्यांग व्यक्ति-ए.एस.डी.(एम), वि.शि.दि, मा.रो.- के लिए चिह्नित है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PwBD – ASD(M), SLD, MI | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण/ सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली अनुरक्षण</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>INFORMATION TECHNOLOGY/INFORMATION & COMMUNICATION TECHNOLOGY SYSTEM MAINTENANCE / INFORMATION TECHNOLOGY & ELECTRONIC SYSTEM MAINTENANCE</u>** trade |
| 14 | इलेक्ट्रीशियन<br>Electrician | **<u>कुल./Total-08</u>**<br>अना. /UR – 3<br>अ.पि.व./OBC – 4<br>अ.जा./SC - 1<br><br>उपर्युक्त पदों में से एक (01) पद दिव्यांग व्यक्ति-ब., आं.ब. के लिए चिह्नित है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PwBD - D, HH | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>इलेक्ट्रीशियन</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>ELECTRICIAN</u>** trade |
| 15 | प्रशीतन एवं वातानुकूलन<br>Refrigeration and Air Conditioning | **<u>कुल./Total-07</u>**<br>अना. /UR – 3<br>आ.क.व./EWS-1<br>अ.पि.व./OBC - 3 | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>मैकेनिक प्रशीतन एवं वातानुकूलन</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>MECHANIC REFRIGERATION AND AIR CONDITIONING</u>** trade |

**<u>फार्मासिस्ट 'ए'</u>**
**PHARMACIST 'A'**

| पद कोड<br>Post Code | पद का नाम<br>Name of the Post | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण ब्यौरा<br>No. of vacancies & reservation details | अनिवार्य योग्यता<br>Essential Qualification |
|---|---|---|---|
| 16 | फार्मासिस्ट 'ए'<br>Pharmacist 'A' | **<u>कुल./Total-01</u>**<br>अ.पि.व./OBC - 1 | प्रथम श्रेणी के साथ फार्मेसी में डिप्लोमा<br>Diploma in Pharmacy with first class |

**नोट / Note:**

a. पद कोड सं. 09 से 15 के लिए, पाँच पद भूतपूर्व सैनिकों (भू.पू.सै.) के लिए आरक्षित हैं।
For post code 09 to 15, five posts are reserved for Ex-Servicemen (ESM).

b. पद कोड सं. 09, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 तक के लिए बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) अभ्यर्थियों के संबंध में कार्यात्मक आवश्यकताएं सी., स्टैं., बैं., प.ले.अ., द्द.वि., क.वि. हैं।
Functional Requirements in respect of PwBD candidates for post code 09, 10, 11, 12, 13, 14 & 15 is S, ST, BN, RW, SE, H

c. पद कोड 16 के लिए बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के संबंध में कार्यात्मक आवश्यकताएं ., स्टैं., बैं., ग.अ., लि., घु.कुंअ., प.ले.अ., अं.वि., पु.पु., द्द.वि., क.वि. हैं।
Functional Requirements in respect of PwBD candidates for post code 16 is S, ST, W, BN, L, KC, RW, MF, PP, SE, H.

d. बैंचमार्क दिव्यांगता और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत नियुक्त अभ्यर्थी संबंधित संवर्गों अर्थात् अना./आ.क.व/ अ.पि.व./. अ.जा./अ.ज.जा./ के लिए उद्दिष्ट/आरक्षित रिक्ति के साथ समायोजित किए जाएंगे।

The candidates appointed under PwBD and ESM will be adjusted against the vacancy earmarked/ reserved for respective categories i.e. UR/EWS/OBC/SC/ST.

e. अ.पि.व. अभ्यर्थियों के संबंध में आरक्षण केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा, जो नवोन्नत वर्ग में नहीं आते। अ.पि.व. प्रमाणपत्रों में विशेष रूप से नवोन्नत वर्ग से बाहर करने के संबंध में खंड शामिल होना चाहिए और ऑनलाइन आवेदन भरने के समय अद्यतन/वैध होना चाहिए।
In respect of OBC candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in creamy layer. OBC certificates must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated/valid at the time of filling of the online application.

**प्रयुक्त संक्षिप्तियाँ / Abbreviations used:**

**आ.क.व.- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; अ.पि.व.- अन्य पिछड़ा वर्ग; अ.जा.- अनुसूचित जाति; अ.ज.जा.- अनुसूचित जनजाति; अना.- अनारक्षित; पीडब्ल्यू.बीडी- मानक दिव्यांग व्यक्ति; ई.एस.एम.- भूतपूर्व सैनिक; एन.टी.सी.- राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण-पत्र; एन.ए.सी.- राष्ट्रीय प्रशिक्षु प्रमाण-पत्र**
**EWS – Economically Weaker Sections; OBC – Other Backward Classes; SC – Scheduled Caste; ST – Scheduled Tribe; UR – Unreserved; PwBD – Persons with Benchmark Disabilities; ESM – Ex-Servicemen; NTC – National Trade Certificate; NAC – National Apprenticeship Certificate**

मा.दि.व्य. (पीडब्ल्यूबीडी)- मानक दिव्यांग व्यक्ति, आं.ब.- आंशिक बहरापन, अ.दृ.-अल्प दृष्टि, ब.-बधिर, ए.हा.-एक हाथ, ए.पै.-एक पैर, ए.हा.ए.पै.-एक हाथ और एक पैर, म.प.-मस्तिष्क पक्षाघात, कु.उ.-कुष्ठरोग उपचारित, बौ.- बौनापन, ए.अ.पी.-एसिड अटैक पीड़ित, ए.एस.डी.(एम)-ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एम=माइल्ड), वि.अ.अ.-विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मा.रो.-मानसिक रोग, सी.-सिटिंग, स्टैं.-स्टैंडिंग, ग.अ.-गमन अक्षमता, बैं.-बेंडिंग, लि.-लिफ्टिंग, घु.कु.अ.-घुटना एवं कुंचन अशक्तता, प.ले.अ.-पठन व लेखन अशक्तता, अं.वि.-अंगुलविकार, पु.पु.अ.-पुशिंग एवं पुलिंग अशक्तता, दृ.वि.-दृष्टिविकार, क.वि.-कर्णविकार।
PwBD- Persons with Benchmark Disabilities, HH- Hard of Hearing, LV- Low Vision, D-Deaf, OA-One Arm, OL-One Leg, OAL-One Arm and One Leg, CP-Cerebral Palsy, LC-Leprosy cured, Dw-Dwarfism, AAV-Acid Attack Victims, ASD (M)-Autism Spectrum Disorder (M=Mild), SLD-specific Learning Disability, MI-Mental Illness. S-Sitting, ST-Standing, W-Walking, BN-Bending, L-Lifting, KC – Kneeling & Crouching, RW-Reading & Writing, MF – Manipulation by Fingers, PP – Pulling & Pushing, SE-Seeing, H-Hearing.

**आय और भत्ते एवं आयु मानदंड**
**PAY & ALLOWANCE AND AGE CRITERIA:**

| **पद कोड Post Code** | **वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर Pay Level in Pay Matrix** | **आयु सीमा Age limit** |
|---|---|---|
| **09 to 15** | स्तर Level 3 (₹21,700 - ₹69,100) | **दिनांक** 13.11.2025 को **आयु सीमा :** 18-35 वर्ष<br>**Age limit as on 13.11.2025:** 18-35 Years |
| **16** | स्तर Level 5 (₹29,200 - ₹92,300) | |
| इसके अतिरिक्त उपर्युक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन. पी. एस.)/एकीकृत पेंशन योजना (यू. पी. एस.) द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएँ, रियायती कैंटीन , क्वार्टरों की सीमित सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, गृह निर्माण अग्रिम आदि केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार ग्राहय हैं।<br>In addition, Dearness Allowances (DA), House Rent Allowances (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the National Pension System (NPS)/Unified Pension Scheme (UPS) as per Government of India rules. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per Central Government orders. | | आरक्षित पदों के सामने दी गई इन श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष तथा अ.पि.व. के अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष तक छूट दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम), बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), केंद्रीय सरकारी सेवक, प्रशस्तिप्राप्त खिलाड़ी आदि भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र होंगे।<br>Relaxation is applicable in upper age limit by 05 years for SC/ST candidates and 03 years for OBC candidates against the posts reserved for these categories. Ex-Servicemen (ESMs), Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), Central Govt. servants, Meritorious Sportspersons etc. are eligible for upper age relaxation as per Government of India Orders. |

## चयन प्रक्रिया SELECTION PROCEDURE

लिखित परीक्षा की तारीख और स्थान के बारे में अभ्यर्थियों को उचित समय पर सूचित किया जाएगा। सैक/इसरो के पास लिखित परीक्षा की तारीख और/या स्थान बदलने का अधिकार है।
The date and venue of the Written Test will be communicated to the candidates at the appropriate time. SAC/ISRO reserves the right to change the written test date and/or venue.

**तकनीशियन 'बी' Technician 'B': पद कोड Post Code – 09 to 15**
**तकनीशियन 'बी'** की चयन प्रक्रिया में **(1) लिखित परीक्षा और (2) कौशल परीक्षा** शामिल हैं।
The Selection process for **Technician 'B'** consists of **(1) Written test and (2) Skill test.**

**लिखित परीक्षा** Written test **:**

सर्वप्रथम 80 बहुविकल्पीय प्रश्नों के साथ 90 मिनट की अवधि के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्न सही उत्तर के लिए 1 अंक प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.33 ऋणात्मक अंक होगा। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या पर आधारित होगा और परीक्षा इस प्रकार आयोजित की जाएगी कि निर्धारित पाठ्यचर्या के विस्तार एवं गहराई को सम्मिलित करते हुये अभ्यर्थी के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक ज्ञान का परीक्षण किया जा सके। प्रदत्त लिंक से पाठ्यक्रम डाउनलोड किया जा सकता है: dgt.gov.in/en/cts-details
The written test of 90 minutes' duration will be conducted first with 80 multiple choice questions carrying one mark for each correct answer. There will be a negative marking of **0.33** mark for each wrong answer. The syllabus of written test shall be curriculum based and the test will be conducted in such a way that theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum. The syllabus can be accessed from the given link: dgt.gov.in/en/cts-details

**कौशल परीक्षा Skill test:**

लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, 1:5 (रिकित बनाम मुल्यांकन) के अनुपात में कम-से-कम 10 अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के लिए चयनित किए जाएंगे। कौशल परीक्षा मात्र 'उत्तीर्ण - अनुत्तीर्ण' आधार (मात्र अर्हता प्रकृति) की होगी और कौशल परीक्षा में अर्जित अंकों की चयन में कोई भूमिका नहीं होगी। लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा प्रारूप की सूचना दी जाएगी।
Based on the performance in the written test, candidates will be shortlisted for skill test with the ratio 1:5 (vacancy v/s evaluation result) with a minimum of 10 candidates. The skill test will be purely on 'go-no-go' basis (qualifying nature only) and marks obtained in the skill test will not be considered for selection. The pattern of the Skill Test shall be notified to the shortlisted candidates.

लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा में उत्तीर्णता के मानदंड नीचे दिये गए हैं।
Pass criteria for the written test and skill test is given below:

| वर्ग Category | लिखित परीक्षा Written Test | कौशल परीक्षा Skill Test |
|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये<br>For Unreserved Candidates | 32/80 अंक marks | 50/100 अंक/marks |
| आरक्षित अभ्यर्थियों के लिये (केवल पद आरक्षित होने पर)<br>For Reserved Candidates (only if a post is reserved) | 24/80 अंक/marks | 40/100 अंक/marks |

लिखित परीक्षा के अंकों में बराबरी की स्थिति में, वैध एनएसी स्कोर रखने वाले उम्मीदवार को उन अन्य उम्मीदवारों की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास एनएसी स्कोर नहीं है। तुलनीय शैक्षणिक कार्यक्रमों के शैक्षणिक अंकों में बराबरी की स्थिति में, 10वीं कक्षा/एसएससी/एसएसएलसी/मैट्रिकुलेशन में प्राप्त अंकों को दूसरे टाई ब्रेकर के रूप में उपयोग किया जाएगा।
In case of tie in the written test scores, the candidate possessing valid NAC score shall have preference over other candidates who do not possess NAC score. The marks obtained in 10th Standard/SSC/SSLC/Matriculation shall be used as the second tie breaker, in the event of tie in academic scores of comparable academic programmes.

**फार्मासिस्ट 'ए' Pharmacist A (पद कोड Post Code – 16)**
**फार्मासिस्ट 'ए'** की चयन प्रक्रिया में **(1) लिखित परीक्षा** और **(2) कौशल परीक्षा** शामिल हैं।
The Selection process for **Pharmacist A** consists of **(1) Written test** and **(2) Skill test.**

| |
|---|
| लिखित परीक्षा केवल स्क्रीन-इन किए गए अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर, केवल आवश्यक संख्या में अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा इस तरह से आयोजित की जाएगी कि निर्धारित पाठ्यचर्या के विस्तार एवं गहराई को सम्मिलित करते हुये अभ्यर्थी के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक ज्ञान का परीक्षण किया जा सके। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम भारतीय फार्मेसी परिषद (पी.सी.आई.) द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगा।<br>The Written Test will be conducted only for the screened-In candidates. Based on the written test scores, required no. of candidates alone shall be called for skill test. Written test will be conducted in such a way that theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum. The syllabus of the written test will be as per the syllabus prescribed by the Pharmacy Council of India (PCI).<br><br>कौशल परीक्षा मात्र 'उत्तीर्ण - अनुत्तीर्ण' आधार (मात्र अर्हता प्रकृति) की होगी और कौशल परीक्षा में अर्जित अंकों की चयन में कोई भूमिका नहीं होगी। कौशल परीक्षा का मूल्यांकन योग्यता के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ 100 अंकों के पैमाने पर किया जाएगा। कौशल परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों का, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में पैनल बनाया जाएगा।<br>The skill test will be purely 'go-no-go' basis (qualifying nature only) and marks obtained in the skill test will not be considered for selection. The skill test will be evaluated on a 100-point scale with minimum 60% for qualification. From amongst candidates who qualify in the skill test with minimum 60% marks, empanelment will be done in the order of marks obtained in the written test.<br><br>लिखित परीक्षा के अंकों में बराबरी के मामले में, अधिसूचित योग्यता के शैक्षणिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे। दूसरा टाई-ब्रेकर, आवश्यकता के आधार पर, अभ्यर्थी की उम्र होगी, जिसमें एक वरिष्ठ अभ्यर्थी को आगे रखा जाएगा।<br>In case of a tie in the written test scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker. The 2nd tie-breaker, on need basis, will be the age of the candidate, whereby a senior candidate will be placed ahead. |
| अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा हिंदी में देने का विकल्प चुन सकते हैं।<br>Candidates have the option to appear for the Written Test/Skill Test in Hindi. |

| **महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION:** | |
|---|---|
| 1. | अधिसूचित किए गए पात्रता मानदंडों को पूरा करने, सभी प्रक्रिया संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन, और इस विज्ञापन के साथ-साथ आवेदन-पत्र में निहित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी एकमात्र अभ्यर्थी की है। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें, आवेदन-पत्र को सावधानीपूर्वक भरें, और पूर्णतः निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन शुल्क सहित अपना आवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सबमिट करें। अधिसूचित प्रक्रियाओं का अनुपालन न करने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और इस मामले में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।<br>It is the sole responsibility of the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria as notified, complies with all the procedural requirements, and adheres to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form.<br>Candidates are, therefore, advised to carefully read the advertisement, complete the application form with due diligence, and submit the same strictly in accordance with the prescribed guidelines, within the stipulated time frame, including remittance of application fee. Any deviations from the procedures notified would result in cancellation of candidature and no representation on the matter will be entertained. |
| 2. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, किसी भी चरण पर भर्ती को रद्द करने/ किसी भी पद को न भरने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organization. The Centre reserves the right to cancel recruitment at any stage / not to fill-up any of the post, as per administrative requirements. |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु अठारह शहरों, यथा - अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, रायपुर, रांची एवं तिरुवनंतपुरम में से केंद्र के चयन का विकल्प दिया जाएगा। परीक्षा स्थल का आवंटन प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। सैक के पास आवश्यकतानुसार परीक्षा का आयोजन मात्र अहमदाबाद में, और/ या अतिरिक्त अलग-अलग शहरों में करने का अधिकार सुरक्षित है। अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु उसके केंद्र की सूचना दी जाएगी, जो अंतिम एवं बाध्यकारी होगी।<br>The candidates shall be given option in online application to choose Centre for written examination from among the eighteen cities viz; Ahmedabad, Bengaluru, Bhopal, |

| | |
|---|---|
| | Bhubaneshwar, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Nagpur, New Delhi, Raipur, Ranchi and Thiruvananthapuram. The allocation of examination city shall be done based on the number of applications received. SAC reserves the right to conduct the examination only in Ahmedabad, or in additional multiple cities as feasible. The Centre for written test will be notified to the candidate, which shall be final and binding. |
| 4. | संवीक्षित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा की सूचना मात्र ई-मेल/ सैक वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी। अतः अभ्यर्थी आवेदन भरते समय अपना सही ई-मेल आईडी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रुप से अपना ई-मेल और समय–समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। किसी भी कारण से अभ्यर्थियों को सूचना प्राप्त न होने की जिम्मेदारी सैक/ इसरो की नहीं होगी।<br>Intimation to screened-in candidates for Written Test/Skill Test will be sent through E-mail /SAC website only. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID correctly and compulsorily while submitting the application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ISRO will not be responsible for non-receipt of intimation to the candidates for any reason. |
| 5. | यदि किसी आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी चरण में गलत/अपूर्ण पाई जाती है तो ऐसे आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।<br>If any information furnished by the applicant in the online application is found false/incomplete at any stage of recruitment process, her/his candidature will be cancelled. |
| 6. | अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के समय सत्यापन हेतु आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में दस्तावेज की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी। उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर, उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।<br>Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their application for verification at the time of Skill Test. Those who fail to produce the said documents will not be allowed to attend the Skill Test and TA will not be paid. |
| 7. | **अनापत्ति प्रमाण पत्रः** जो अभ्यर्थी केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि के तहत कार्यरत हैं, उन्हें कौशल परीक्षा के समय या बुलाए जाने पर संबंधित नियोक्ता से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' जमा करना होगा। हालांकि, अभ्यर्थी को नियोक्ता की पूर्व अनुमति के बाद ही पद के लिए आवेदन करना चाहिए। एक अभ्यर्थी के लिए, जो आवेदन करने के बाद रोजगार प्राप्त करता है/बदलता है, उसे नियोक्ता को अपने आवेदन का विवरण सूचित करना आवश्यक है और कौशल परीक्षा के समय अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। कोई भी अभ्यर्थी, जो कौशल परीक्षा के समय मूल रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र जमा करने में विफल रहता है, उसे कौशल परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं किया जाएगा।<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/ State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Skill Test or as and when called for. However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. For a candidate, who gets/changes employment after applying, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Skill Test. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Skill Test, shall not be permitted to appear in the Skill Test and TA will not be paid. |
| 8. | **पद कोड-16 के लिए**<br>यदि प्राप्त अंक प्रतिशत (सीजीपीए और सीपीआई) के अलावा अन्य रूप में हैं, तो कृपया उन्हें प्रतिशत में परिवर्तित करें और रूपांतरण के फॉर्मूले को संस्थान/विश्वविद्यालय/बोर्ड के प्रधान द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए या मार्कशीट में उसका उल्लेख किया जाना चाहिए।<br>**For post code – 16**<br>In case the marks obtained are in the form other than percentages, (CGPA and CPI), please convert them into percentage and the formula of conversion should be certified by the Head of the Institution/University/Board or should be mentioned in the mark-sheet. |
| 9. | शैक्षणिक योग्यता के अंकों का पूर्णांकन करने की अनुमति नहीं है। आवेदक द्वारा दर्ज अंकों का प्रतिशत दशमलव के बाद दो अंकों तक होना चाहिए।<br>Rounding–off of marks of educational qualifications is NOT allowed. The percentage of marks, as entered by the applicant, should be up to two digits after decimal. |
| 10. | प्रत्येक पद कोड के लिए विज्ञापन में शामिल अनिवार्य अर्हता के लिए विषयों की सूची पूर्ण/अंतिम है। संबंधित पद कोड के लिए उल्लिखित अर्हता नहीं रखने वाले अभ्यर्थी उस पद के लिए पात्र नहीं है।<br>The essential qualification included in the advertisement against each postcode is exhaustive/final. Candidates possessing qualification other than those mentioned against each postcode are not eligible. |

| | |
|---|---|
| 11. | अधिसूचित योग्यता के साथ योग्यता की समकक्षता का दावा करने वाले किसी भी अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से दस्तावेजी साक्ष्य कौशल परीक्षा (विश्वविद्यालय /बोर्ड /संस्था द्वारा प्रमाणित) प्रस्तुत करना होगा।<br>Any candidate seeking claim of equivalency of the qualification with the notified qualification, shall mandatorily furnish documentary evidence (certified by University/Board/Institution) in support of his/her claim at the time of Skill Test. |
| 12. | **लिखित परीक्षा तिथि/केंद्र अथवा कौशल परीक्षा तिथि/केंद्र अथवा पत्राचार के लिए ई-मेल आईडी अथवा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत किसी भी अन्य सूचना में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**<br>**Any request for change of written test date/Centre or skill test date/Centre or e-mail id for communication or any other information furnished in online application will NOT be entertained.** |
| 13. | आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा घोषित आरक्षण वर्ग जैसे अनारक्षित/ आकव/ अजा/ अजजा/ अपिव/ पीडब्ल्यूबीडी/ ईएसएम इत्यादि अंतिम माना जाएगा तथा इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।<br>Reservation category such as UR/EWS/SC/ST/OBC/PwBD/ESM etc. declared by the candidate in the application will be considered as final and no change in the same will be entertained. |
| 14. | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास डीओपीटी के दिनांक 30.05.2014 के का.ज्ञा. सं. 36036/2/2013- स्था. (आरक्षण) और बाद के संशोधनों के अनुसार केंद्र सरकार के पदों के तहत रोजगार के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध ओबीसी-एनसीएल (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण-पत्र हो, जो ऑनलाइन आवेदन के समय मान्य हो।<br>Other Backward Classes(OBC) category must ensure that they possess a valid OBC-NCL (Non-Creamy Layer) certificate issued by the competent authority for employment under Central Government posts, valid on the date of online application, as per DoPT OM No. 36036/2/2013-Estt.(Res.) Dated 30.05.2014 and subsequent amendments. |
| 15. | कौशल परीक्षा के समय, पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति) अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट रूप से अक्षमता के प्रतिशत को दर्शाती हुई, कम से कम 3 सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड, जिनमें से एक केंद्र या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित अक्षमता का आकलन करने के लिए उसी क्षेत्र का विशेषज्ञ हो, द्वारा जारी अक्षमता प्रमाण-पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होती है। बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए अक्षमता की डिग्री न्यूनतम 40 प्रतिशत होनी चाहिए। दिव्यांगों की परिभाषा दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में निर्दिष्ट की गई है।<br>At the time of Skill Test, PwBD (Persons with Benchmark Disabilities) candidates have to produce original certificate of disability in the prescribed format clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least 3 members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing the disability, duly constituted by Central or a State Government. Degree of disability should be minimum 40% for Persons with Benchmark Disabilities (PwBD). The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016. |
| 16. | भूतपूर्व सैनिकों को कौशल परीक्षा के समय भूतपूर्व सैनिक स्थिति/अनापत्ति प्रमाण-पत्र को विधिवत् इंगित करते हुए सेवा-मुक्ति प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा अर्जित अर्हता विज्ञापित पदों और उनके द्वारा आवेदित पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य अर्हता से भिन्न होने पर उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>Ex-servicemen have to submit a copy of the Discharge Certificate/NOC duly indicating the Ex-serviceman status at the time of Skill Test. Ex-Servicemen also have to submit necessary equivalency certificate issued by the Competent Authority whenever the qualification acquired by them is different from the essential qualification prescribed for the posts advertised and applied for by them. |
| 17. | ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पास डीओपीटी के दिनांक 31.01.2019 केका.ज्ञा. संख्या 36039/1/2019- स्था. (आरक्षण) और बाद के संशोधनों के अनुसार केंद्र सरकार के पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र हो, जो ऑनलाइन आवेदन के समय मान्य हो।<br>Candidates belonging to EWS (Economically Weaker Sections) category must ensure that they possess a valid EWS certificate issued by a competent authority in the prescribed format for recruitment to Central Government posts, which is valid at the time of online application, as per DoPT OM No. 36039/1/2019-Estt. (Res.) dated 31.01.2019 and subsequent amendment. |
| 18. | इसरो में तकनीकी पदों के लिए कैरियर वृद्धि मेरिट प्रोत्साहन योजना पर आधारित है, जिसमें कर्मचारियों की पुनरीक्षा की जाती है और निर्धारित रेजिडेंसी अवधि के आधार पर रिक्तियों के संदर्भ के बिना उन्हें अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है।<br>Career advancement for Technical posts in ISRO is based on Merit Promotion Scheme where the employees are reviewed and promoted to the next higher grade on merit after a prescribed residency period without reference to vacancies. |

| | |
|---|---|
| 19. | विज्ञापन में पहले से उपलब्ध कराई गई जानकारी से संबंधित प्रश्नों का उत्तर ईमेल/टेलीफोन पर उपलब्ध नहीं होंगा।<br>Queries on information already provided in the advertisement will not be entertained via email/telephone. |
| 20. | इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी दावा या विवाद केवल अहमदाबाद स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन आएगा।<br>Any claim or dispute arising out of this advertisement shall be subject to the jurisdiction of the Courts at Ahmedabad only. |

**<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ / IMPORTANT DATES:</u>**

| | |
|---|---|
| आवेदन के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए वेब-साइट लिंक खुलने की तिथि<br>Opening date of Web-site Link For Online Registration of Applications | 24.10.2025<br>(1000 बजे से From 1000 hrs.) |
| ऑन-लाइन पंजीकरण, आवेदन सारांश के प्रिंट और आवेदन शुल्क भुगतान के बंद होने की तिथि<br>Closing date for online registration, printing of online application summary and payment of application fees | 13.11.2025<br>(1700 बजे तक Till 1700 hrs.) |
| उम्र की गणना, अनिवार्य अर्हताएं प्राप्त करने आदि, जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट–ऑफ तिथि<br>Cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring essential qualification(s) , etc. | 13.11.2025 |

**<u>संपर्क नंबर/CONTACT NUMBERS:</u>**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान तकनीकी पूछताछ के लिए<br>For technical queries occurred during applying online | 079 2691 5512/10 |
| सामान्य पूछताछ के लिए<br>For general queries | 079 2691 3037/24/25/22 |
| ई-मेल आईडी<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |
| **नोटः उपरोक्त नंबर शनिवार, रविवार और राष्ट्रीय छुट्टियों को छोड़कर सुबह 10:00 से शाम 05:00 के बीच उपलब्ध रहेंगे।**<br>**Note: The above number is available between 10:00 AM to 05:00 PM, except on Saturday, Sunday and national holidays.** | |

| | |
|---|---|
| **<u>ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य दिशानिर्देश</u>**<br>**<u>General Guidelines for filling the Online Application</u>** | |
| 1. | आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling applications. |
| 2. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकड़े भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 3. | **<u>आवेदन कैसे करें How to apply:</u>**<br>**ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन का लिंक सैक वेब-साइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in पर 24-Oct-2025 (10:00 पूर्वाह्न) से 13-Nov-2025 (05:00 अपराह्न) की अवधि के दौरान होस्ट किया जाएगा।** आवेदन केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। ऑनलाइन पंजीकरण पर, आवेदनों को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाना चाहिए। उम्मीदवारों को भविष्य के संदर्भ के लिए ऑनलाइन आवेदन का एक प्रिंटआउट लेने की भी सलाह दी जाती है।<br>**The link for the application for on-line registration will be hosted in the SAC web-sites https://www.sac.gov.in or https://careers.sac.gov.in during the period from 24-Oct-2025 (10:00 AM) to 13-Nov-2025 (05:00 PM).** Applications will be received through on-line mode only. Upon on-line registration, applications will be provided with an on-line Registration Number, which should be |

carefully preserved for future reference. The candidates are also advised to take a printout of the online application for future reference.

- कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद उसमें सुधार नहीं किया जा सकता। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पहले, यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में दर्ज सभी विवरण सही हैं।
  It may be clearly noted that online application once submitted cannot be edited later. Hence, applicants are advised to verify whether all details entered in the application are correct before final submission of the application.
- **आवेदक को ऑनलाइन आवेदन में अपना ई-मेल आईडी सही और अनिवार्य रूप से प्रदान करना होगा (स्क्रीन-इन किए गए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए हॉल टिकट/कॉल लेटर केवल ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे और कोई अलग हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी)।**
  **E-mail ID of the applicant will have to be provided in the on-line application correctly and compulsorily (Hall Tickets/Call letters for Written Test/Skill Test for those who will be screened-in will be sent through e-mail only and no separate hard copy will be sent).**

**फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेज़ अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश :**
**Guidelines for uploading Photo, Signature and documents:**

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट इमेज/स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी, अन्यथा उनके आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे:
Candidates are required to upload clear images/scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected:

- हाल ही में खींचा गया रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (6 माह से अधिक पुराना नहीं) केवल .jpg/.jpeg प्रारूप में, अधिकतम आकार 1MB और आयाम 500 पिक्सेल (चौड़ाई) * 500 पिक्सेल (ऊंचाई)
  Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) in .jpg/.jpeg format only, with maximum Size of 1MB and dimensions of 500 pixels (width) * 500 pixels (height)
- हस्ताक्षर केवल .jpg/.jpeg प्रारूप में, 1mb के अधिकतम आकार और 700 पिक्सेल (चौड़ाई) * 200 पिक्सेल (ऊंचाई) के आयामों के साथ।
  Signature-in .jpg/.jpeg format only, with maximum Size of 1MB and dimensions of 700 pixels (width) * 200 pixels (height).
- सभी आवश्यक योग्यता प्रमाण-पत्र 1mb के अधिकतम आकार के .pdf प्रारूप में अपलोड किए जाने चाहिए।
  All required Essential Qualification certificates should be uploaded in .pdf format of maximum size of 1MB.
- प्रसंस्करण शुल्क की पूर्ण वापसी के लिए लागू एससी/एसटी/दिव्यांगता/भूतपूर्व सैनिक प्रमाण-पत्र, अधिकतम 1mb (कोई भी एक प्रमाण-पत्र) के आकार वाले .pdf प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए।
  SC/ST/Disability/Ex-Servicemen certificate as applicable for full refund of processing Fee, should be uploaded in .pdf format with maximum size of 1MB (any one certificate).

(ऑनलाइन आवेदन भरते समय, अपलोड किए जाने वाले उपरोक्त दस्तावेजों को तैयार रखने की सलाह दी जाती है।)
(While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same.)

**नोट Note:**

- सेल्फी की अनुमति नहीं है। पूरा चेहरा सामने से दिखाई देना चाहिए। पृष्ठभूमि सादी/सफ़ेद होनी चाहिए। धुंधली तस्वीर या हाल ही में खींची गई रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर के अलावा अपलोड की गई किसी भी तस्वीर वाले आवेदन को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। श्वेत-श्याम तस्वीरें स्वीकार्य नहीं हैं। इसी प्रकार, अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट और सुपाठ्य होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में इन आवश्यकताओं को पूरा न करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
  No selfie is allowed. Frontal view of the full face should be visible. Background should be plain/white. Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph, such applications shall be summarily rejected. Black and white photographs not allowed. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to cancellation of candidature.
- अपेक्षित दस्तावेज अपलोड किए बिना प्रस्तुत किया गया आवेदन अमान्य माना जाएगा।
  Application submitted without uploading the requisite documents will be treated as invalid.
- अभ्यर्थियों को पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र (अर्थात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग), आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, जब भी मांगा जाए, प्रस्तुत करना होगा।

Candidates will have to produce proof of details regarding educational qualification prescribed for the post, caste certificate (i.e. SC/ST/OBC), Income and Asset Certificate for Economically Weaker Sections (EWS), Discharge certificate for Ex-Servicemen and Disability Certificate for PwBD candidates as and when called for.

- अपलोड किए गए दस्तावेजों का सत्यापन कौशल परीक्षा के दौरान किया जाएगा तथा केवल लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में शामिल होने से चयन के लिए पात्रता नहीं मिलेगी।
  The documents uploaded will be verified during Skill Test and mere admission to appear for written examination/skill test will not bestow eligibility for selection.

आवेदन शुल्क का भुगतानः **PAYMENT OF APPLICATION FEE:**

- व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षिक योग्यता, सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने आदि जैसे सभी विवरण भरने के बाद आवेदन जमा करें।
  After filling all the details like Personal Information, Educational Qualifications, uploading all the required documents etc. final submit the application.
- **प्रारंभ में सभी आवेदकों को आवेदन शुल्क के रूप में समान रूप से ₹500/- का भुगतान करना होगा।**
  Initially all applicants have to uniformly pay **₹500/**- as application-fee.
- भुगतान पृष्ठ पर, विवरणों को सत्यापित करें और "Proceed" बटन पर क्लिक करें, "आपको भुगतान गेटवे पर पुनर्निर्देशित किया जा रहा है" संदेश के साथ एक संकेत दिखाई देगा, "**Ok**" बटन पर क्लिक करें।
  On payment page, verify the details and click on "Proceed" button, a prompt will be appeared with message "You are being redirected to payment gateway", Click on "**Ok**" button.
- अभ्यर्थी को भारतकोश भुगतान पोर्टल पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, सभी विवरणों को सत्यापित करने के बाद आगे बढ़ने के लिए "**Confirm**" बटन पर क्लिक करें।
  Candidate will be redirected to Bharatkosh payment portal, after verifying all details click on **"Confirm"** button to proceed.
- अगले पृष्ठ में, अभ्यर्थी एचडीएफसी, एसबीआई, एक्सिस, आईसीआईसीआई आदि जैसे कई भुगतान एग्रीगेटर देख पाएंगे, अभ्यर्थी को नेट बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट / डेबिट कार्ड जैसे भुगतान के किसी भी मोड के साथ किसी भी एक भुगतान एग्रीगेटर को चुनना होगा, इसके बाद कैप्चा दर्ज करना होगा, घोषणा का चयन करना होगा और "**Pay**" बटन पर क्लिक करना होगा।
  In next page, candidate will be able to see multiple payment aggregator like HDFC, SBI, AXIS, ICICI etc., candidate has to choose any payment aggregator along with any mode of the payment like Net banking, UPI, Credit/Debit card, followed by entering captcha, select the declaration and click on "Pay" button.
- अभ्यर्थी को भुगतान क्रेडेंशियल्स दर्ज करने के लिए कहा जाएगा या भुगतान करने के लिए यूपीआई भुगतान अनुरोध प्राप्त होगा।
  Candidate will be prompted to enter payment credentials or will receive UPI payment request to make the payment.
- सफल भुगतान के बाद अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सफल भुगतान का एसएमएस प्राप्त होगा और उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भुगतान रसीद प्राप्त होगी।
  After successful payment candidate will receive successful payment SMS on their registered mobile number and will receive payment receipt on their registered Email id.
- यदि अभ्यर्थी के खाते से भुगतान डेबिट हो गया है, लेकिन पुष्टिकरण संदेश प्राप्त नहीं हुआ है, तो अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वह नया लेनदेन शुरू करने से पहले 24 घंटे तक प्रतीक्षा करें।
  Incase payment is debited from candidate's account but confirmation message not received, candidate is advised to wait for 24 hours before initiating new transaction.
- नकद प्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनी ऑर्डर, आई. पी. ओ. आदि जैसे किसी भी रूप में आवेदन शुल्क के भुगतान की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।
  Payment of Application Fee in any form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) No other mode of payment will be accepted.
- आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए सभी लागू सेवा शुल्क आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे।
  All Applicable service charges for payment of Application fee shall be borne by the Applicant.

**आवेदन शुल्क की वापसी REFUND OF APPLICATION FEE:**

मात्र उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए शुल्क वापस करने हेतु विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। (सभी पद कोड के लिए लागू)

| | |
|---|---|
| | Grant of refund will be considered only to such candidates who appear in the written test (applicable to all the post codes), as under: -<br>• आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त **अभ्यर्थियों** (महिला, अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी/ भूतपूर्व सैनिक) के लिए पूर्ण रिफंड। Refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/PwBD/Ex-Servicemen).<br>• आवेदन शुल्क काटने के बाद, ₹400 वापस कर दिए जाएंगे। After deducting the Application Fee, ₹400 will be refunded.<br>• अभ्यर्थियों को रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते का विवरण सही ढंग से दर्ज करना होगा। **कृपया ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उपस्थित नहीं होता है, तो रिफंड पर विचार नहीं किया जाएगा।** Candidates shall enter their Bank Account details correctly for receipt of refund. **Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test.**<br>• यदि अभ्यर्थी द्वारा गलत बैंक खाता विवरण दिए जाने के कारण उसे रिफंड राशि प्राप्त नहीं होती है तो सैक (इसरो) इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। SAC (ISRO) shall not be held responsible, if the candidate does not receive the refund amount due to incorrect bank account details provided by the candidate.<br><br>***नोटः आवेदन केवल एक बार सबमिट किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन एक निर्णायक चरण है, क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नहीं किया जा सकेगा। इसलिए सबमिट करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।***<br>***NOTE: Application can be submitted only once. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So you should ensure once again that the information is correct before submitting*** |
| 5. | **अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार, दो या दो से अधिक पदों के लिए एक साथ परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है।**<br>Candidate can apply for more than one post. However, SAC reserves the right to conduct exam for two or more posts simultaneously, as per administrative exigency. |
| 6. | ऑनलाइन पंजीकरण पर आवेदक को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखना होगा। आवेदन सारांश का प्रिंट लें।<br>Upon online registration, applicants will be provided with an online Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. Take print out of the application summary. |
| 7. | * से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |
| 8. | जब भी माँगा जाये, वैध जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, अ.पि.व. प्रमाणपत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, बैंचमार्क दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (पीडब्ल्यूबीडी) भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवा-मुक्ति प्रमाण-पत्र/अनापत्ति प्रमाण-पत्र (1 MB से कम की साईज में) नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाएं।<br>As and when required, valid Caste/Tribe Certificate, OBC Certificate, EWS certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate, Discharge Certificate/NOC for Ex-Serviceman (ESM) should be uploaded in the prescribed format (file size should be less than 1MB) as given below:<br>आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग Economically Weaker Sections<br>अनुसूचित जाति/ जनजाति Scheduled Caste/Scheduled Tribe<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) Other Backward Classes(Non-Creamy Layer)<br>बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति Persons with Benchmark Disability<br>भूतपूर्व सैनिक/Ex-Serviceman |

| **सामान्य शर्तें<br>GENERAL CONDITIONS:** | |
|---|---|
| 1. | केवल भारतीय नागरिक आवेदन करें।<br>Only Indian Nationals need to apply. |
| 2. | मात्र ऑनलाइन किए गए आवेदनों पर विचार किया जाएगा। ऑफ़लाइन प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>Applications made through online mode only will be entertained. Offline applications will not be entertained. |
| 3. | सभी पद अस्थायी हैं, लेकिन निरंतर रहने की संभावना है।<br>All the posts are temporary but likely to continue. |
| 4. | **किसी भी रूप में पक्षप्रचार अयोग्यता माना जाएगा।<br>CANVASSING IN ANY FORM WILL BE CONSIDERED AS DISQUALIFICATION.** |

| | |
|---|---|
| 5. | **किसी भी अंतरिम पत्राचार/फोन कॉल पर विचार नहीं किया जाएगा।**<br>**No interim correspondence/phone calls will be entertained.** |
| 6. | **कोई भी परिशिष्ट/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट website https://www.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।<br>**Any Addendum/Update/Corrigendum will only be published on SAC website**. Candidates should regularly visit the SAC website **https://www.sac.gov.in** for latest updates. |
| 7. | कौशल परीक्षा के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा स्थल तक आने-जाने का द्वितीय श्रेणी शयनयान रेलवे का लघुतम दूरी का किराया, नॉन-एसी बस का किराया अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा, चाहे यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो। लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।<br>Outstation Candidates called for Skill Test will be paid to and fro Second Class Sleeper Railway Fare or non-A/C Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in on-line application to the place of skill test on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. No TA will be paid for appearing in Written Test. |
| 8. | प्रारंभ मे नियुक्ति स्थल सैक, अहमदाबाद होगा, परंतु पदधारी को जब और जैसी आवश्यकता हो, भारत के किसी भी स्थान पर स्थित इसरो या अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है।<br>Initially the place of posting will be in SAC, Ahmedabad, but the incumbents may be posted in any of the Centres/Units of ISRO or Department of Space situated anywhere in India as and when required. |
| 9. | चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तुरंत पद पर कार्यग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates may have to join the post immediately on being found fit by a Medical Authority. |
| 10. | कृपया ध्यान दें कि विज्ञापित पदों के लिए ऊपर निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और यह स्वचालित रूप से अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा (जैसा भी मामला हो) के लिए पात्र नहीं बनाता है। प्रारंभिक जांच की जाएगी और केवल जांच किए गए अभ्यर्थियों को ही आगे के चयन के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा के लिए स्क्रीन-इन नहीं किए गए/ कौशल परीक्षा के लिए लघुसूचीकृत नहीं किए गए/ नियुक्ति के लिए नहीं चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के साथ किसी भी तरह के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>Please note that the qualifications prescribed above for the posts advertised are the minimum requirement and the same does not automatically make the candidates eligible for written test/skill test (as the case may be). Initial screening will be done and only screened-in candidates will be called for further selection. No correspondence will be entertained with the candidates who are not screened in for written test/ shortlisted for skill test /not selected for Appointment. |
| 11. | मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के माध्यम से व्यवसायिक कोर्स करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।<br>Candidates who have pursued trade/diploma course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible. |
| 12. | सैक के पास पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने या विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।<br>SAC reserves the right to increase/decrease the number of posts or cancel the advertisement. |
| 13. | **विज्ञापन के अंग्रेजी /हिन्दी में किसी भी खंड की व्याख्या की अस्पष्टता के मामले में, सैक का निर्णय अंतिम होगा।**<br>**In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of any clause either in Hindi/English of this advertisement, the decision of SAC will be final.** |

**"सरकार एक ऐसा कार्यबल बनाने का प्रयास करती है जो लैंगिक संतुलन को दर्शाता हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**"Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply."**

*अपने आवेदन की स्थिति के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.sac.gov.in देखें।*
*VISIT OUR WEB-SITE www.sac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION*